जन्म लियो जब श्याम ने भादो अष्टमी आई

-------------भजन के बोल-------------------
जन्म लियो जब श्याम ने भादो अष्टमी आई………2
देवकी माता जग के दाता……….2
कर ले मेरी सुनाई
जन्म लियो जब श्याम ने भादो अष्टमी आई………2

1) खुली हतकडी पैरो बेड़ी , माया श्याम फैलाई……..2
द्वार खुले जो पहरेदार थे , नींद सभी आई……….2
वासुदेव ले चले कुँवर को …………..2
मन में खुशी मनाई
जन्म लियो जब श्याम ने भादो अष्टमी आई………2

2) बादल गरजे बिजली चमके , बारिश मूसलधार पड़े……..2
वासुदेव जी सोचे मन में , क्यू कर जमना बीच बड़े……….2
हे ईश्वर तेरी लीला न्यारी…………2
तुम सचे रघुराई
जन्म लियो जब श्याम ने भादो अष्टमी आई………2

3) त्रिलोकी का ध्यान लगाकर , जल के भीतर आन बड़ा………2
जमना माई चढ़के ध्याई , राजा सोचे खड़ा खड़ा………..2
कृष्ण माया पैर फैलाया…………..2
चरण छू नीचे आई
जन्म लियो जब श्याम ने भादो अष्टमी आई………2

4) नंद महल में जाकर देखा , सोवे थी नंद रानी…………2
लड़का देके लड़की लेली , भयो नैन बीच पानी………….2
दुखड़ा भरता हे सब करता……….2
फिर मथुरा दई दिखाई
जन्म लियो जब श्याम ने भादो अष्टमी आई………2

5) काराग्रह के बीच गए जब , भोर भये पक्षी जागे…………2
रोने की आवाज़ सुनी तो , पहरेदार उठ कर भागे……….2
कंस अन्याई दया ना आई…………2
लड़की तुरत मगाई
जन्म लियो जब श्याम ने भादो अष्टमी आई………2

6) कीर्तन मण्डल तेरे सहारे , वाणी होती सुनी मने……….2
मारण वाला पैदा हो गया , गोकुल में नंदलाल तने………….2
नाम बिहारी कर त्यारी………..2
अब क्यू देर लगाई
जन्म लियो जब श्याम ने भादो अष्टमी आई………2

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33739/title/Janm-Liyo-Jab-Shyam-Ne-bhaado-asthmi-aai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |